हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शुक्रवार, 11 दिसंबर 2020, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com

दादा बने मुकेश

देश के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी दादा बन गए हैं। उनके बेटे आकाश अंबानी की पत्नी श्लोका ने बेटे को जन्म दिया है। आकाश और श्लोका की शादी नौ मार्च 2019 को हुई थी।

तरक्की की उड़ान

जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का डिजाइन तैयार

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के निर्माण की तैयारियां तेज हो गई हैं। नोएडा एयरपोर्ट का डिजाइन तैयार हो गया है। ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड एजी ने कंसोर्टियम (गठजोड़) के जरिये डिजाइन को बनवाया है। इसमें नोर्डिक, ग्रिम्सशॉ हैप्टिक और एसटीयूपी आर्किटेक्ट्स शामिल हैं।

इस डिजाइन में उच्च-गुणवत्ता वाले क्षेत्रों, हरित क्षेत्र व ऊर्जा की बचत करने वाली संतुलित अवधारणा है। एयरपोर्ट का टर्मिनल और मेट्रो स्टेशन कैसे दिखाई देंगे, यह भी इस डिजाइन में दिखाया गया है।

ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी के मुताबिक एयरपोर्ट का डिजाइन बनवाने के लिए विशेषज्ञ कंपनियों के बीच ऑनलाइन प्रतियोगिता कराई गई। जून से अगस्त 2020 के बीच तीन चरणों में यह डिजाइन प्रतियोगिता हुई। यह प्रतियोगिता विशेष परिस्थितियों में कराई गई। आर्किटेक्ट्स ने रिमोट तरीकों से अपने डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत किए।

इसके जरिये नोर्डिक, ग्रिम्सशॉ हैप्टिक और एसटीयूपी आर्किटेक्ट्स कंपनियों के कंसोर्टियम के डिजाइन को विजेता मानते हुए फाइनल किया गया। तीनों कंपनियों द्वारा प्रस्तुत किया गया डिजाइन परियोजना के अनुकूल है। इस डिजाइन में स्विस दक्षता के साथ-साथ भारतीय आतिथ्य का संयोजन देखने को मिलेगा। यात्रियों को आधुनिक एवं सहज अनुभव मिलेगा। इस डिजाइन के जरिये भारत में एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग्स के लिए स्थायित्व के क्षेत्र में नए बेंचमार्क स्थापित होंगे। इमारत के भीतर और बाहर हरित क्षेत्र होगा। साथ ही, भविष्य की एयरपोर्ट सिटी की अवधारणा भी देखने को मिलेगी। भविष्य में यहां से सालाना 30 मिलियन यात्रियों को सेवाएं देने के लिए विकल्प भी रहेगा।

कंपनी की ओर से जेवर एयरपोर्ट के लिए तैयार किया गया डिजाइन। • हिन्दुस्तान

सभी सुविधाएं मिलेंगी

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर क्रिस्टोफ श्नैलमैन ने कहा कि नोर्डिक, ग्रिम्सशॉ हैप्टिक व एसटीयूपी ने प्रभावी लेआउट, अनुकूल डिजाइन, उच्च-गुणवत्ता के बहुल क्षेत्रों, विशाल हरित क्षेत्र, ऊर्जा की बचत करने वाली संतुलित अवधारणा एवं स्थायित्व के बीच संतुलन बनाते हुए इस डिजाइन तैयार किया है। टीम ने जरूरतों के अनुसार उपभोक्ताओं के लिए आरामदायक, स्थायी एवं अत्याधुनिक डिजाइन तैयार किया है। अब टीम के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि इस डिजाइन में वे सभी सुविधाएं मौजूद हों जो एक यात्री विश्वस्तरीय एयरपोर्ट में चाहता है।

यात्रियों की भीड़ नहीं दिखेगी

नोर्डिक के फाउंडिंग पार्टनर और हेड ऑफ डिजाइन गुडमंड स्टोक्के ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए डिजाइन प्रतियोगिता में ज्यूरिख एयरपोर्ट का भरोसा जीता है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में नोर्डिक, ग्रिम्शॉ, हैप्टिक और एसटीयूपी अत्याधुनिक और हरित एयरपोर्ट बनाएंगे। इस तरह का काम वह हैदराबाद, ओसलो, इस्ताम्बुल व ज्यूरिख में कर चुके हैं। इसका डिजाइन ऐसे होगा, जिसमें यात्रियों की भीड़ नहीं दिखेगी। इसमें डिजिटल सेवाओं पर जोर रहेगा।

कंपनी के साथ अक्टूबर में हुआ था अनुबंध

सात अक्टूबर को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास के लिए 40 सालों की अवधि के लिए ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी के साथ अनुबंध किया है। ज्यूरिख ने नोएडा एयरपोर्ट के लिए यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एसपीवी (स्पेशनल परपज व्हीकल) बनाया है।